	छत्तीसगढ़ विधान सभा
	पत्रक भाग - एक संक्षिप्त कार्य विवरण
	षष्ठम् विधान सभा द्वितीय सत्र अंक-05

रायपुर, शुक्रवार, दिनांक 09 फरवरी, 2024

(माघ 20, शक संवत् 1945)

विधान सभा पूर्वाह्न 11.00 बजे समवेत हुई।

(अध्यक्ष महोदय (डॉ.रमन सिंह) पीठासीन हुए।)

1. प्रश्नकाल

प्रश्नोत्तर सूची में शामिल 25 तारांकित प्रश्नों में से प्रश्न संख्या 01, 02, 03, 04, 06, 07, 08, (कुल 07) प्रश्नों पर अनुपूरक प्रश्न पूछे गये ।

तारांकित प्रश्न क्रमांक- 05 के प्रश्नकर्ता सदस्य श्री रामकुमार यादव अनुपस्थित रहे ।

प्रश्नोत्तर सूची में नियम 46 (2) के अंतर्गत अतारांकित प्रश्नों के रूप में परिवर्तित 36 तारांकित एवं 62 अतारांकित प्रश्नों के उत्तर भी शामिल थे ।

2. सदन को सूचना

माननीय अध्यक्ष ने सदन को सूचित किया कि आज भोजन की व्यवस्था आय-व्ययक के उपस्थापन के पश्चात् माननीय वित्त मंत्री जी की ओर से माननीय सदस्यों एवं पत्रकारों के लिये सेंट्रल हॉल में की गई है । कृपया सुविधानुसार भोजन ग्रहण करें ।

(सदन की कार्यवाही 12.00 बजे, स्थगित की जाकर 12.32 बजे, समवेत हुई ।)

(अध्यक्ष महोदय (डॉ.रमन सिंह) पीठासीन हुए।)

3. व्यवस्था का प्रश्न

श्री भूपेश बघेल, सदस्य ने व्यवस्था का प्रश्न उठाया कि अभी तक विधान सभा में इन्स्ड्रुमेंट का प्रदर्शन या उसको देखकर पढ़ने की परम्परा नहीं रही है और न विधान सभा में इस

प्रकार का कोई आदेश है । मैं वित्त मंत्री जी की टेबल में देख रहा हूं कि वे लैपटॉप लेकर खड़े हैं। मैं समझता हूं कि विधान सभा में अभी इस प्रकार की व्यवस्था नहीं दी गयी है । कृपा करके जो पुरानी परम्परा है, उसके अनुरूप ही उसका वाचन करें, ऐसी मैं आपसे अपेक्षा करता हूं ।

श्री बृजमोहन अग्रवाल, संसदीय कार्य मंत्री एवं श्री धरमलाल कौशिक ने भी इस पर विचार व्यक्त किये ।

माननीय अध्यक्ष ने व्यवस्था दी कि वित्त मंत्री जी ने मुझसे आग्रह और निवेदन किया था, उसको मैंने स्वीकार कर लिया है और मैंने उनको अनुमति दी है ।

4. वर्ष 2024-2025 के आय-व्ययक का उपस्थापन

श्री ओ.पी. चौधरी, वित्त मंत्री ने वर्ष 2024-2025 के आय-व्ययक का उपस्थापन किया।

माननीय अध्यक्ष ने दिनांक 12 एवं 13 फरवरी, 2024 की तिथियां आय-व्ययक पर सामान्य चर्चा के लिए नियत की ।

माननीय अध्यक्ष द्वारा घोषणा की गई कि - आय-व्ययक में सम्मिलित अनुदानों की मांगों पर प्रस्तुत किये जाने वाले कटौती प्रस्तावों की सूचना शनिवार, दिनांक 10 फरवरी, 2024 को अपराह्न 3.00 बजे तक विधान सभा सचिवालय में दी जा सकती है। कटौती प्रस्ताव प्रस्तुत करने के प्रपत्र सूचना कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते हैं।

5. अध्यक्षीय दीर्घा में अतिथि

माननीय अध्यक्ष ने सदन को सूचित किया कि अध्यक्षीय दीर्घा में श्री प्रेमप्रकाश पाण्डेय, छत्तीसगढ़ विधान सभा के पूर्व अध्यक्ष, उपस्थित हैं, सदन उनका स्वागत करता है ।

अपराह्न 2.00 बजे विधान सभा की कार्यवाही सोमवार, दिनांक 12 फरवरी, 2024 (माघ-23, शक संवत् 1945) के पूर्वाह्न 11.00 बजे तक के लिए स्थगित की गई ।

दिनेश शर्मा
सचिव
छत्तीसगढ़ विधान सभा